# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# भारत का करारा जवाब ! तुर्किए की ‘Celebi’ कंपनी को बड़ा झटका, एर्दोगन की बेटी को हुआ 2500 करोड़ का नुकसान।

Publisher Published on 21 May 2025



## भारत-तुर्किए विवाद : सुरक्षा नीति के तहत बड़ी कार्रवाई।

भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तुर्किए की जानी-मानी ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी Celebi Aviation Holding की सेवाएं रद्द कर दी हैं। इस कंपनी में **तुर्किए के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन** की बेटी **सुमैया एर्दोगन** की हिस्सेदारी है।

### ₹2500 करोड़ का नुकसान, स्टॉक मार्केट मे हंड़कंप

भारत के इस कदम से Celebi को एक ही दिन में करीब **₹2500 करोड़** का नुकसान झेलना पड़ा। **इस्तांबुल स्टॉक एक्सचेजं** में कंपनी के शेयरों में 20% से ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में इस कंपनी की उपस्थिति कितनी अहम थी।

### दिल्ली हाईकोर्ट मे पंहुंचा मामला

Celebi ने भारत सरकार के फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी। लेकिन सॉलिसिटर **जनरल तुषार मेहता** ने अदालत में दलील दी कि यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। कोर्ट ने सरकार के पक्ष को मानते हुए स्पष्ट किया कि “**देश की सुरक्षा सर्वोपरि है**।”

### Air India Sats और TATA ग्रुप को मिलेगा लाभ

Celebi की सेवाएं हटाए जाने के बाद अब भारत के प्रमुख एयरपोर्ट्स पर **Air India Sats, TATA** समूह और अन्य घरेलू कंपनियों को मौका दिया जा रहा है। इससे आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी मजबूती मिली है।

## तुर्किए की पाकिस्तान परस्ती बनी वजह

**भारत** और **पाकिस्तान** के बीच बढ़ते तनाव के दौरान तुर्किए ने पाकिस्तान को **ड्रोन, हथियार** और **नौसेना** सहायता भेजी थी। इसके बाद भारत ने तुर्किए के खिलाफ आर्थिक और रणनीतिक बहिष्कार की नीति अपनाई।

भारतीय पर्यटकों ने तुर्किए जाने की योजना रद्द की। भारतीय व्यापारियों ने तुर्किए से मार्बल, सेब जैसी चीजों का आयात बंद कर दिया।

## भारत की अंतरराष्ट्रीय नीति का स्पष्ट संदेश

भारत ने अपने रणनीतिक साझेदारों जैसे फ्रांस को भी संकेत दे दिया है कि राष्ट्रीय हितों के खिलाफ जाने वाले देशों के साथ व्यापारिक संबंध सीमित किए जाएंगे।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.